G20 भारत 2023 INDIA

सत्यमेव जयते
भारत सरकार

आज़ादी का अमृत महोत्सव

प्रदर्शनी
वीर बाल दिवस

(26 दिसंबर, 2022)

प्रदर्शनी के लिए महत्वपूर्ण निर्देश

1. श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के 365 वें प्रकाश पर्व (जयंती) पर देश के आदरणीय प्रधानमंत्री ने हर साल 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस मनाये जाने की घोषणा की।

2. वीर बाल दिवस पर प्रदर्शनी आयोजित किए जाने का उद्देश्य श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के छोटे साहिबज़ादों बाबा जोरावर सिंह जी और बाबा फतेह सिंह जी की वीरता और उनकी शहादत के प्रति श्रद्धांजलि व्यक्त करना है।

3. प्रदर्शनी देशभर में सभी प्रमुख स्थानों यथा, बैंक, डाक घर, मेट्रो स्टेशन, हवाई अड्डों, रेल- स्टेशनों, अन्य सरकारी भवन, शिक्षण संस्थान, सामुदयिक भवनों, पेट्रोल पंप और शॉपिंग मॉल्स आदि में आयोजित की जानी है।

4. प्रदर्शनी के पैनल्स की नाप 2.5 फुट (चौड़ाई) x 4 फुट (लंबाई) है।

5. प्रदर्शनी डिजिटल रुप में भी की जा सकती है।

6. प्रदर्शनी के पैनल्स सन बोर्ड पर भी मुद्रित किए जा सकते हैं। यह चित्र फलक पर भी हो सकते हैं।

7. यह निश्चित समय-अंतराल पर प्रदर्शित की जा सकती है।

8. प्रदर्शनी के व्यापक प्रचार के लिए मीडिया को आमंत्रित करना चाहिए।

9. प्रदर्शित सामग्री आगे के लिए भी रखी जा सकती है और इसे आदर के साथ सुरक्षित रखा जाय।

10. जहां प्रदर्शनी लगे, ध्यान रखा जाय कि वहां सम्मान के साथ धार्मिक माहौल और उसके प्रति आदर का भाव रहे।